कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी।

जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं) में स्टाफ की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

पत्रांक संख्याः— 82/DLSA/कौशाम्बी **दिनांकः—** 14.03.2024

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक सं0 754/एसएलएसए—23/2016, दिनांक 06.03.2024 के अनुपालन में स्थायी लोक अदालत, कौशाम्बी में आशुलिपिक हेतु 01 पद, पेशकार हेतु 01 पद व चपरासी हेतु 01 पद कुल 03 पदों पर जो कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियों में से हों उनको अधिकतम 02 वर्ष की अवधि के लिए एक निर्धारित मानदेय क्रमशः 9000/—, 9000/— व 7000/— रूपये प्रतिमाह अनुबन्ध के आधार पर नियुक्ति की जानी है।

उपरोक्त अस्थाई पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित योग्यता वांछित होंगीः—

क्र0 सं0	पद का नाम	पद	आयु
01	आशुलिपिक	01	65 वर्ष से कम हों।
02	पेशकार	01	65 वर्ष से कम हों।
03	चपरासी	01	65 वर्ष से कम हों।

आवश्यक निर्देशः—

1— आवेदक अभ्यर्थी का कोई भी अपराधिक इतिहास नही होना चाहिए एवं उसके विरूद्ध कोई भी अनैतिक आचरण का आरोप भी नही होना चाहिये।

2— आवेदन निःशुल्क है।

3— आवेदन—पत्र विज्ञप्ति की तिथि से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, कौशाम्बी के कार्यालय में दिनांक 28.03.2024 को सायं 05:00 बजे तक जमा किये जायेंगे।

4— नियुक्ति के समय आवेदक/अभ्यर्थी को अपने स्वास्थ्य से सम्बन्धित स्वस्थता प्रमाण पत्र, राजकीय चिकित्सालय से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

5— नियुक्त कर्मचारी जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कार्मिक होना चाहिये।

6— अभ्यर्थियों की नियुक्ति माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदन के अधीन रहेगी।

7— अभ्यर्थियों को अपने प्रार्थनापत्र के साथ दो नवीनतम फोटो प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न करना होगा।

8— आवेदन—पत्र का विवरण व प्रारुप जनपद न्यायालय की वेबसाईट www.kaushambi.dcourts.gov.in एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(देवेश चन्द्र गुप्ता)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।

(राजेश कुमार—II)
अध्यक्ष,
स्थायी लोक अदालत
(जनोपयोगी सेवायें)
कौशाम्बी।

14/03/2024
(अनुपम कुमार)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।

प्रतिलिपिः—

1. श्रीमान् सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को प्रेषित।
2. श्रीमान् नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, कौशाम्बी को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद और जनपद न्यायालय, कौशाम्बी के वेबसाईट पर उक्त विज्ञप्ति, दिशा—निर्देश और प्रार्थनापत्र के प्रारूप को अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
3. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, कौशाम्बी को इस आशय से प्रेषित कि न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति और प्रार्थनापत्र के प्रारूप को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
4. जिलाधिकारी, कौशाम्बी को इस आशय के साथ प्रेषित कि कलेक्ट्रेट और तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति और प्रार्थनापत्र के प्रारूप को चस्पा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
5. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति और प्रार्थनापत्र के प्रारूप को दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी व अंग्रेजी) में निःशुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।

दिनांकः— 14.03.2024

(देवेश चन्द्र गुप्ता)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद कौशाम्बी।

आवेदन–पत्र का प्रारूप

स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ चिपकायें

1. पद का नामः आशुलिपिक/पेशकार/चपरासी

2. अभ्यर्थी का नामः...........................

3. पिता/पति का नाम.....................

4. माता का नाम.................................

5. जन्म तिथि/आयु ....

6. पूर्व में कार्यरत विभाग (जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट) ....

7. सेवानिवृत्त होने की तिथि ....

8. राष्ट्रीयता ....

9. पताः–

   (क) स्थाई (पिनकोड सहित)...

   (ख) अस्थाई (पत्राचार हेतु)(पिनकोड सहित...

10. फोन नम्बर....................................

11. मोबाईल नम्बर..............................

12. ई–मेल आई.डी...

घोषणा

मैं .... घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गयी सूचनाएं मेरी जानकारी में सत्य, पूर्ण सही है। में उपरोक्त दी जाने वाली सूचनाओं में कोई सुसंगत तथ्य छिपा नहीं रहा/रही हूँ। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक मामला पंजीबद्ध/लम्बित नही है। यदि मेरे द्वारा दिया गया कोई तथ्य चयन/नियुक्ति के उपरांत गलत पाया जाय तो मेरा चयन/नियुक्ति निरस्त कर दी जाये।

स्थान...........................

दिनांक.........................

अभ्यर्थी के पठनीय हस्ताक्षर